हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जून 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


10 घरों की गिनती का पहला चरण पूरा, डिजिटल जिले में सर्वे के ...


12 माहेश्वरी युवा संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी...

# मौसम ने बदला मिजाज दिनभर धूप-छांव का खेल, तीन दिनों में तेजी से गिरा तापमान

## लू से राहत लेकिन उमस और बिजली कटौती बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नवतपा की समाप्ति में अब महज आज का दिन शेष है, लेकिन जिले में पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ नजर आ रहा है। आसमान में बादलों की आवाजाही, नम हवाओं और बीच-बीच में अंधड़ तथा हल्की बूंदाबांदी के कारण तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

इसके चलते लोगों को गर्म हवाओं और लू से राहत मिली है, हालांकि बढ़ी हुई उमस और बार-बार होने वाली बिजली कटौती ने नई परेशानी खड़ी कर दी है। मंगलवार सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा रहा। पूरे दिन धूप और छांव का सिलसिला चलता रहा, जिससे सूर्य की तीखी किरणों का प्रभाव कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले कुछ दिनों में तापमान में लगातार गिरावट ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई है।

### मानसून पूर्व गतिविधियों के संकेत

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियां मानसून पूर्व गतिविधियों को मजबूत कर रही हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है तथा लोगों को भीषण गर्मी से और राहत मिल सकती है।



### नवतपा के शुरुआती दिनों में दिखा असर, बाद में बदला मौसम

मौसम विभाग ने नवतपा की शुरुआत से पहले इस बार तीव्र ग्रीष्मलहर और तेज गर्म हवाओं की चेतावनी जारी की थी। शुरुआती दिनों तक इसका असर भी देखने को मिला, जब जिले में तेज धूप और लू जैसे हालात बने रहे। लेकिन इसके बाद मौसम ने अचानक करवट ले ली। बादलों की आवाजाही बढ़ने लगी और वातावरण में नमी का स्तर बढ़ गया। परिणाम स्वरूप तापमान में गिरावट आने लगी और लू का प्रभाव लगभग समाप्त हो गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार नवतपा के अंतिम चरण में मौसम की सक्रिय प्रणालियों ने गर्मी के तेवर को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। यही कारण है कि जिले में अपेक्षित तीव्र गर्मी महसूस नहीं की जा रही है।

### रात के तापमान में भी आई कमी

दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। पहले जहां देर रात तक गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल रही थी, वहीं अब रात के समय अपेक्षा कृत ठंडक महसूस होने लगी है। इससे लोगों की दिनचर्या और नींद पर पड़ने वाला असर भी कम हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान और आमजन इस बदले मौसम को राहत भरा मान रहे हैं। ▸▸| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### कार से गांजा की तस्करी दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** कार के सीट में गांजा छिपाकर तस्करी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सीजी 04 एच एक्स 6908 को रोका गया। चेक करने पर कार के सीट के नीचे से 14.5 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम अचलपुर, पोस्ट तूक्ला, राजा खरियार उड़ीसा निवासी तीरथा ठेला, स्टेशन चौक कुम्हारी किशन जगत बताया गया। कार महासमुंद, रायपुर होते हुए दुर्ग-भिलाई की ओर गांजा बेचने के लिए लाया जा रहा था। कुम्हारी पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोक दिया। कुम्हारी ओवरब्रिज के नीचे पुलिस की वाहन चेकिंग के समय रायपुर की ओर से कार आ रही थी। कार के चारों दरवाजों के भीतर स्थित खाली स्थान को विशेष रूप से गुप्त चेंबर बनाकर गांजा छिपाकर रखा था। ऊपर से फाइबर की परत चिपकाई गई थी। खुली आंखों से देखने पर गांजा दिखाई नहीं देता था। पुलिस टीम ने बारीकी से जांच कर गांजा जब्त किया है। 14.5 किलो ग्राम गांजा की कीमत 7. 25 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि उड़ीसा के कंधमाल क्षेत्र से गांजा खरीदकर दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में खपाने के लिए ला रहे थे। इसके पूर्व भी तस्करों द्वारा गांजा यहां खपा चुके है। नगद 22 हजार, मोबाइल, कार जब्त किया है।

### फेयर प्ले चलाने वाला पुराना सटोरिया सहित दो गिरफ्तार



**भिलाई।** ऑनलाइन फायनल क्रिकेट मैच आरसीबी व गुजरात टाईटन्स के मध्य चल रहे मैच में हारजीत का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर दो सटोरिया को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कसाई मोहल्ला नहर किनारे कुंआ के पास वैठकर ऑनलाइन क्रिकेट मैच में सट्टा लगाया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर छावनी पुलिस ने दबिश दिया। पुलिस ने दो सटोरिया सर्कुलर मार्केट श्रीराम डेयरी के पास कैम्प 2 निवासी आतीश गौर, प्रकाश आटा चक्की के पास कैम्प 2 नियाज अहमद को पकड़ा गया। सटोरिया आतिश, नियाज के पास से मोबाइल जब्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि फेयर प्ले नामक आईडी से ऑनलाईन लिंक पर सटटा खेलते और खिलाते थे। सारा हिसाब किताब व्हाट्सअप में रखा करते थे जो पैसे लाभ के रूप में मिलता था। बड़ा सटोरिया नियाज है पुलिस ने पहले भी आईपीएल सट्टा में कई बार कार्रवाई कर चुकी है। फेयर फ्ले नामक पैनल महादेव सट्टा ग्रुप का ही है, जिसका साल भर पहले काफी जोर-शोर से प्रचार प्रसार भी किया गया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद लुप्त हो गया था फिर अब फेयर प्ले का नाम सुर्खियों में आने के बाद कई सटोरिया लपेटे में आ सकते है।

### नेटबॉल के खिलाड़ियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**भिलाई।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 से 31 मई तक भिलाई विद्यालय स्कूल सेक्टर-2 हुआ। समापन समारोह के अवसर पर खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

## नगर पंचायत मारो में समाधान और संवाद का संगम, जन समस्या निवारण शिविर

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : दयाल दास बघेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/मारो

सुशासन तिहार 2026 नगर पंचायत मारो में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष सीधे प्रस्तुत कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।

- शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश, विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को मिला लाभ

नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से अनेक मामलों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया तथा शेष प्रकरणों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी एवं सेवा प्रदाय स्टॉल लगाए गए थे, जहां नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कई पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।



**पेयजल, बिजली, आवास एवं राजस्व संबंधी मामलों पर हुई सुनवाई**

शिविर में नागरिकों ने राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सीमांकन, नामांतरण एवं कृषि संबंधी विभिन्न समस्याएं रखीं। मंत्री श्री बघेल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पात्रता के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही वर्तमान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे : मंत्री बघेलः** मंत्री दयाल दास बघेल ने उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाएं, ताकि उनका प्रभावी और समयबद्ध निराकरण किया जा सके।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रशासन को जनसामान्य के और अधिक निकट लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जन समस्या निवारण शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से लोगों को अपने गांव एवं नगर में ही शासन की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश मंत्री बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने उद्बोधन में मंत्री श्री बघेल ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, आवास निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है।

# कचहरी पारा पांडे तालाब में लगा 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

## लो वोल्टेज की समस्या होगी दूर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर के कचहरी पारा स्थित पांडे तालाब क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा 63 केवीए क्षमता का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे वार्ड क्रमांक 3 में लंबे समय से बनी हुई लो वोल्टेज की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। क्षेत्र के नागरिक लो वोल्टेज के कारण काफी समय से परेशान थे। इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद पंचू साहू के साथ स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया था। इसके बाद नपा अध्यक्ष ने वार्ड का दौरा कर विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आम नागरिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए विद्युत विभाग ने क्षेत्र में 63 केवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया है, जिससे विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा और लो वोल्टेज की समस्या दूर होगी। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता (एई) गुलाब साहू ने बताया कि अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। इसके शुरू होने से वार्ड क्रमांक 3 के उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज मिलेगा और क्षेत्र की लो वोल्टेज की समस्या समाप्त हो जाएगी।

- वार्ड क्रमांक 3 के नागरिकों को मिलेगी राहत, लंबे समय से कर रहे थे मांग

## स्वास्थ्य विभाग में कथित वित्तीय अनियमितता पर

# भीम रेजिमेंट का आंदोलन, 20 से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग में कथित वित्तीय अनियमितता और शासकीय राशि के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ने साजा विकासखंड के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. अश्वनी वर्मा तथा देवकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पर्यवेक्षक विनोद जैन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने जिला कलेक्टर को अनुमति पत्र सौंपते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है तथा 20 जून से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

- साजा बीएमओ और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पर वेतन भुगतान में अनियमितता के आरोप, उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग

भीम रेजिमेंट के जिला अध्यक्ष हेमंत बंजारे ने बताया कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों में यह तथ्य सामने आया है कि स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विनोद जैन जनवरी 2020 से जून 2025 तक कथित रूप से बिना उपस्थिति दर्ज कराए कार्यस्थल से अनुपस्थित रहे, इसके बावजूद उन्हें नियमित रूप से वेतन का भुगतान किया जाता रहा। संगठन का आरोप है कि यह सब बीएमओ डॉ. अश्वनी वर्मा की निगरानी में हुआ, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचा। संगठन ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन बताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने, उनके विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने तथा कथित रूप से आहरित समस्त वेतन राशि की वसूली की मांग की है। भीम रेजिमेंट का कहना है कि इस मामले को लेकर पहले भी ग्राम पंचायत बेलतरा और मुसुवाडीह के सरपंचों द्वारा शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संगठन ने प्रशासन को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो 20 जून 2026 से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय बेमेतरा के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। ▸▸| शेष पेज 11 पर

### स्क्रैप चोरी में 2 क्रेन ऑपरेट सहित अब तक आठ गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी के फ्लू डस्ट से करोड़ो रुपयों का स्क्रैप पार करने का मामला लगातार तूल पकड़ते जा रहा है। अब बीएसपी में उपयोग आने वाला आस्ट्रेलियन कोक की हेराफेरी सामने आई है। लोहे की चोरी के मामले में पुलिस ने दो क्रेन ऑपरेटर को सोमवार को पकड़ा है। बड़े अपराधी अब भी फरार है। उनका कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। बता दें कि लोहा चोरी के इस मामले में संजय सिंह को मास्टर माइंड बताया जा रहा है, वह फरार है। अब तक पुलिस उसके बारे में कोई जानकारी नहीं जुटा पाई है। इधर खबर है कि संजय सिंह के ऊपर शहर के कई बड़े राजनीतिक और उद्योगपतियों का हाथ हैं, जिसके संरक्षण की वजह से लगातार हो रही शिकायत के बाद भी उस पर कार्रवाई नहीं हो पाई है। पीएमओ में शिकायत के बाद ही पुलिस ने कार्रवाई की।

भाजपा नेताओं ने मरीजों का हालचाल जाना, स्वस्थ जीवन की कामना की

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल व बिस्किट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किए। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जानकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि जनसेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही किसी भी जनप्रतिनिधि के जन्मदिन को सार्थक बनाने का सर्वोत्तम माध्यम है। इसी भावना के साथ अस्पताल में उपचाररत मरीजों के बीच फल एवं बिस्किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा, भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक राजू देवांगन, भाजपा ओबीसी मोर्चा बेमेतरा जिला अध्यक्ष रेवाराम निषाद, भाजपा बेमेतरा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री डॉ. डोशन साहू, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेंद्र साहू, गीतिश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं जनसेवा के कार्यों में निरंतर सफलता की कामना की।

## 8800 क्विंटल मांग के विरुद्ध 7360 क्विंटल बीज का भंडारण

# मोहगांव बीज निगम में खरीफ की तैयारियां तेज 44 समितियों में प्रथम चरण का बीज भंडारण पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/ बेरला

आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए बेरला एवं साजा विकासखंड के किसानों के लिए मोहगांव स्थित बीज निगम कार्यालय में तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

- किसानों को समय पर मिलेगा उन्नत बीज

शासन-प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप प्रथम चरण में साजा की 30 तथा बेरला की 14 समितियों सहित कुल 44 धान खरीदी केंद्रों (समितियों) में बीज का सुरक्षित भंडारण पूर्ण कर लिया गया है। बीज निगम कार्यालय से अब समितियों की मांग के अनुसार उन्नत किस्म के बीजों का वितरण भी तेजी से किया जा रहा है, ताकि किसानों को बुआई के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मोहगांव बीज निगम के प्रबंधक भरत यादव ने बताया कि क्षेत्र की समितियों द्वारा कुल 8800 क्विंटल बीज की मांग की गई है। इसके विरुद्ध अब तक 7360 क्विंटल बीज का भंडारण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। शेष मांग की पूर्ति भी समितियों की आवश्यकता के अनुसार लगातार की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मोहगांव बीज निगम कार्यालय में 774 क्विंटल धान बीज तथा 303 क्विंटल अरहर बीज बफर स्टॉक के रूप में उपलब्ध है। विभाग किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाला बीज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। बीज निगम प्रबंधन का कहना है कि खरीफ सीजन के दौरान बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं, जिससे किसानों को समय पर बीज मिल सके और खेती-किसानी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



## खबर संक्षेप

### गया नगर में नई पानी टंकी निर्माण से क्षेत्रवासियों में उत्साह



**दुर्ग।** सुशासन तिहार के अंतर्गत दुर्ग शहर को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गया नगर क्षेत्र में नई उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य के भूमिपूजन से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। वर्षों से जल संकट का सामना कर रहे गया नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में धन्यवाद तख्तियां लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री गजेन्द्र यादव तथा महापौर अल्का बाघमार के प्रति आभार व्यक्त किया। जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कहा कि गया नगर, मठपारा, सारथीपारा, राजीव नगर तथा रामनगर क्षेत्रों में लंबे समय से जलापूर्ति की समस्या बनी हुई थी। गर्मी के दिनों में लो-प्रेशर के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी, जिससे हजारों परिवार प्रभावित होते थे। क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए महापौर श्रीमती अल्का बाघमार के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किए गए। नगर निगम की पहली एमआईसी बैठक में गया नगर में 15 लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया, जिसे बाद में शासन स्तर पर मंजूरी प्राप्त हुई।

### भूमि सुधार में हरी खाद ढैंचा-मूंग का करें उपयोग

**दुर्ग।** खरीफ मौसम को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा कृषकों को टिकाऊ खेती और बेहतर उत्पादन के लिए समसामयिक सलाह दी गई है। विभाग ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया पर निर्भरता कम करने और भूमि की सेहत सुधारने के लिए हरी खाद ढैंचा, मूंग के अधिक से अधिक उपयोग की अपील की है। उप संचालक कृषि के अनुसार, वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के कारण उर्वरकों की कमी होने की स्थिति में हरी खाद एक बेहतर और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है। इसके लिए जून के प्रथम सप्ताह में लगभग 8-10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से ढैंचा या इसे मूंग के साथ मिलाकर बुआई की जानी चाहिए। बुआई के 35 से 40 दिन बाद, जब पौधे 2-3 फीट ऊंचे हो जाएं और फूल आने की प्रारंभिक अवस्था हो, तब रोटावेटर या कल्टीवेटर से फसल को पलटकर मिट्टी में मिला देना चाहिए।

### शासकीय कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन 10 जून को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर 10 जून को भोजन अवकाश में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी तथा आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारियों को 1 जनवरी 2026 से दो प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत कर दिया गया है किन्तु प्रदेश के राज्य शासन के सेवारत लगभग साढ़े चार लाख अधिकारी तथा कर्मचारी के लिए अभी तक डीए की घोषणा नहीं की गई है जिससे राज्य के कर्मचारियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने बताया कि भोजन अवकाश दोपहर 1.30 बजे धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# चारधाम यात्रा के नाम पर श्रद्धालुओं से कथित धोखाधड़ी और आस्था से खिलवाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

चारधाम यात्रा के नाम पर श्रद्धालुओं के साथ कथित धोखाधड़ी और आस्था से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। अलग-अलग जिलों से यात्रा पर निकले दर्जनों यात्रियों ने टूर संचालक कोमल सिंह ठाकुर पर वादाखिलाफी, दुर्व्यवहार और अधूरी यात्रा करवाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं मामले में पुलिस की कार्यवाही को लेकर भी यात्रियों ने नाराजगी जताई है।

जानकारी के अनुसार, यात्रियों से प्रति व्यक्ति 15 हजार रुपये लेकर 20 मई से 4 जून तक चारधाम यात्रा कराने का पैकेज तैयार किया गया था। यात्रियों को भरोसा दिलाया गया था कि उन्हें एसी बस के माध्यम से केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री सहित चारों धामों के दर्शन कराए जाएंगे। लेकिन यात्रा शुरू होते ही हालात बदल गए। यात्रियों का आरोप है कि एसी बस की जगह उन्हें नॉन-एसी बस में यात्रा कराई गई और चारधाम यात्रा के बजाय इलाहाबाद, रतनपुर, चित्रकूट, वृंदावन होते हुए हरिद्वार तक ले जाया गया। हरिद्वार पहुंचने के बाद कथित रूप से टूर संचालक ने यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया कि उसकी जवाबदारी केवल हरिद्वार तक थी। श्रद्धालुओं का कहना है कि चारधाम यात्रा पूरी करवाने के बजाय बस को 11वें दिन ही वापस मोड़ दिया गया।

आरोप है कि यात्रा के दौरान कुछ यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और कुछ को बीच रास्ते में बस से उतार दिया गया, जिसके बाद उन्हें अपने स्तर पर वापस लौटने की व्यवस्था करनी पड़ी। आक्रोशित यात्रियों ने दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र पहुंचकर बस रुकवाई और शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे। बस में कुल 41 यात्री सवार थे, जिनमें 14 यात्री ग्राम बिरझापुर (धमधा क्षेत्र) के तथा शेष यात्री राजनांदगांव जिले के बताए जा रहे हैं।

## यात्रियों का दावा न तो धाम के दर्शन हुए, न मिली तय सुविधाएं




### आधे पैसे लौटाने की मांग, पुलिस के समक्ष रखा पक्ष

यात्रियों ने टूर संचालक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कम से कम आधी राशि वापस दिलाने की मांग की। उस समय थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव अवकाश पर थे, जिसके चलते प्रभारी के रूप में मौजूद अधिकारी महेश ध्रुव के समक्ष शिकायत रखी गई। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने बस में मौजूद संचालक की पत्नी और ड्राइवर से पूछताछ की तथा यात्रियों को राशि लौटाने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि प्रत्येक यात्री को 5 हजार रुपये लौटाने की बात कही गई, अन्यथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने की चेतावनी दी गई। यात्रियों का आरोप है कि रातभर की बातचीत के बाद बिरझापुर के 14 यात्रियों को मात्र 2100-2100 रुपये देकर मामला शांत कराने का प्रयास किया गया। वहीं अन्य 27 यात्रियों की शिकायतों पर अपेक्षित सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि शेष यात्रियों को यह कहकर वापस भेज दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के थानों में शिकायत दर्ज कराएं। इससे कई यात्रियों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि जब सभी यात्री एक ही बस और एक ही मामले से जुड़े थे, तब सभी की शिकायतों पर समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए थी।

### आस्था के नाम पर कारोबार या श्रद्धालुओं से छल

चारधाम यात्रा हिंदू श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र मानी जाती है। ऐसे में यदि यात्रियों के आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल आर्थिक धोखाधड़ी का मामला नहीं बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाओं और धार्मिक विश्वास के साथ भी गंभीर खिलवाड़ माना जाएगा। अब सवाल यह है कि क्या यात्रियों को उनकी पूरी राशि वापस मिलेगी? क्या कथित टूर संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी? और क्या प्रशासन सभी प्रभावित यात्रियों की शिकायतों पर समान रूप से सुनवाई करेगा? फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और पीड़ित यात्री न्याय की मांग कर रहे हैं।

## दूसरा चरण फरवरी-2027 से : कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली जानकारी

# घरों की गिनती का पहला चरण पूरा, डिजिटल जिले में सर्वे के आधार पर जानकारी पोर्टल में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

**1 से 30 मई तक चला सर्वे का काम, जानकारी रखी जाएगी गोपनीय**

जनगणना 2027 का पहला चरण, मकान सूचीकरण और मकानों की गणना सफलतापूर्वक पूरा हो गया। राष्ट्रीय अभियान 1 मई से शुरू हुआ और 30 दिनों तक चला। यह काम जिले की भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करने का अहम पड़ाव माना जा रहा है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से हुई।

जिले में काम को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए 13 जनगणना चार्ज बनाए गए। जिले के 11 नगरीय निकायों एवं 5 तहसीलों के अंतर्गत 381 ग्रामों तथा 335 वार्डों में सर्वे का काम किया गया। इसके लिए 5 ग्रामीण चार्ज एवं 15 नगरीय चार्ज गठित किए गए थे, जिनके अंतर्गत कुल 3,086 मकान सूचीकरण गणना ब्लॉक बनाए गए। अभियान के संचालन में लगभग 3,632 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवाएं ली गईं। इनमें 5 प्रमुख जनगणना अधिकारी (जिला कलेक्टर एवं 4 नगर निगम आयुक्त), 1 जिला जनगणना अधिकारी, 2 अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, 24 चार्ज अधिकारी, 1 मास्टर ट्रेनर, 79 फील्ड ट्रेनर्स, 3,006 प्रगणक, 514 पर्यवेक्षक तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं, परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी मोबाइल एप से जुटाई। संकलित जानकारी अब भारत सरकार के सर्वर पर सुरक्षित है। जनगणना अधिनियम 1948 और जनगणना नियमावली 1990 के तहत नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जानकारी का उपयोग केवल नीति निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए होगा। जनगणना 2027 का दूसरा चरण, जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 में होगा। जिला प्रशासन ने कहा कि अगले चरण में भी जिले के लोगों से इसी तरह सहयोग की उम्मीद है।




डेढ़ महीने पहले जनगणना शुरू होने को लेकर राजनीतिक दलों को दी गई थी नियमों की जानकारी

### जारी अधिसूचना के अंतर्गत 33 प्रश्नों के लिए गए उत्तर

जिले की सभी तहसीलों, ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 1 से प्रारंभ होकर 30 मई को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के प्रथम चरण के दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्रित की गई। ये प्रश्न मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा उनकी परिसंपत्तियों से संबंधित थे। संपूर्ण जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल रूप से संकलित की गई है, जो भारत सरकार के सर्वर पर सुरक्षित रूप से संग्रहित है।

### डेटा का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याण योजनाओं में होगा

अधिकारियों ने बताया कि आम नागरिकों के द्वारा जनगणना से संबंधित जो भी व्यक्तिगत जानकारी दी गई है, वह जनगणना अधिनियम 1948, तथा जनगणना नियमावली 1990, के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। संकलित किए गए डेटा का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याण योजनाओं के लिए ही किया जाएगा एवं भारत सरकार के द्वारा सम्पूर्ण जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यथोचित समय पर इन आंकड़ों को जारी किया जाएगा। इस व्यापक अभियान के सफल संचालन हेतु जिले में सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की गई थी। प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) का प्रमुख उद्देश्य द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के लिए एक सटीक एवं व्यापक आधार तैयार करना है, ताकि आगामी चरण में कोई भी मकान अथवा परिवार गणना से वंचित न रह जाए।

# जामुल में जनसमस्या शिविर में पहुंचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- विभागों का स्टाल भी किया निरीक्षण
- वार्ड 19 मंगल भवन में लगा था

नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार 2026 में वार्ड 19 मंगल भवन में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। 19 एवं 20 वार्ड के आवेदकों द्वारा 500 आवेदन प्रस्तुत किए गए। शिविर में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह का आगमन हुआ।

इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पार्षदों एवं जामुल के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभाग के स्टाल में निरीक्षण किया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म में गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व वितरित किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के साथ संयुक्त रूप से दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा, आवेदकों कों लर्निंग लायसेंस, पात्र हितग्राही को तत्काल राशन कार्ड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, पार्षदों ने शाल, श्रीफल एवं भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर कलेक्टर अभिजीत सिंह को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीएम महेश सिंह राजपूत, सीएमओ रमाकांत साहू, नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामदुलार साहू, अहिल्या वर्मा, कविता विश्वाल, रामप्यारी वर्मा, शांति टंडन, संजय देशलहरा, नोडल अधिकारी सचिन भागवत समेत अन्य मौजूद थे।

# जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक हटाए जा रहे लोगों को मिले विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



जेल तिराहा से मिनी माता चौक और महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है। इसे लेकर सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। दुर्ग निगम और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने संयुक्त रूप से सर्वे कर 200 से ज्यादा कब्जों को चिन्हित किया है।

उन्हें नोटिस भेजकर हटाया जा रहा है। इसका समाजवादी पार्टी ने विरोध किया है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर विस्थापन और मुआवजा देने की मांग की है। पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने कहा कि इस भीषण गर्मी के बीच उन्हें खदेड़ा जा रहा है, वे पिछले कई सालों से इन जगहों पर रोजी-मजदूरी कर अपना पेट पाल रहे थे। प्रशासन उनके पेट पर लात मार रहा है। इसे लेकर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जरुरतमंदों का सर्वे किया जाए। उन्हें मुआवजा और विस्थापन दिया जाए। अन्यथा संगठन को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### मारपीट, वीडियो वायरल

**भिलाई।** सोमवार को सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग वीडियो वायरल हुए। एक वीडियो में खुलेआम नशे का इस्तेमाल कर सबूत दिखाए गए हैं।वहीं दूसरे वीडियो में युवकों के बीच मारपीट का है। पूरी घटना का वीडियो बनाकर युवकों ने खुद सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, भिलाई शहर का बाप हूं मैं कुलदीप वायरल वीडियो में एक स्थानीय ब्लॉगर खुर्सीपार के अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर नशे से जुड़े सामान दिखाता। उसे साफ करता नजर आ रहा है। वीडियो में ब्लॉगर ने दावा किया है कि, खुर्सीपार में इस तरह नशा खुलेआम चल रहा है। वीडियो के मुताबिक ब्लॉगर स्कूल परिसर के अंदर और आसपास से मिले इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, सिरिंज और दवाइयों को इकट्ठा कर लोगों को दिखा रहा है।

# निजी टैंकरों को पानी सप्लाई, जोन-4 में पेयजल अनियमितता पर आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- निजी टैंकरों को पानी देने की बात से अधिकारियों का इंकार




नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में अनियमितता को लेकर सामने आए आरोपों पर जोन आयुक्त द्वारा कड़ा रुख अपनाया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

पेयजल अनियमितता के इस संवेदनशील मामले में जोन आयुक्त द्वारा कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा और सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू से विस्तृत जानकारी ली गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा किसी भी निजी टैंकर को पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है और न ही पेयजल वितरण में कोई जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है। अधिकारियों से प्रारंभिक जानकारी प्राप्त करने के बाद, मामले की तह तक जाने और स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट करने के लिए जोन आयुक्त ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। जोन आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता को इस पूरे मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करने निर्देशित किया है। आयुक्त ने कहा कि जनता को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पेयजल को लेकर की समीक्षा

# ओदरागहन समूह जलप्रदाय योजना से शुरू होगी जलपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में दिए निर्देश



कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में संचालित विभिन्न जलप्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में प्रगतिरत 7 समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों को समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ओदरागहन समूह जलप्रदाय योजना से शीघ्र जलापूर्ति प्रारंभ की जाएगी।

वहीं अंजोरा ढाबा एवं मोतिमपुर समूह योजनाओं में विद्युत कनेक्शन से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत निरस्त किए गए अनुबंधों के मामलों में शीघ्र नई निविदा आमंत्रित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही जिन एजेंसियों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किए जाने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया है, उनके संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करने के को कहा। कलेक्टर ने अमलेश्वर समूह योजना में शामिल चार ग्राम- अमलेश्वर, मगरघटा, खुड़मुड़ी एवं भोथली को संबंधित स्थानीय निकाय को हस्तांतरित करने हेतु संयुक्त निरीक्षण के बाद आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनका संचालन एवं संधारण संबंधित पंचायतों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए जिला पंचायत को नल जल मित्रों का चयन कर प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मिशन संचालक, जल जीवन मिशन से प्राप्त निर्देशानुसार 'लोक जल उत्सव' वार्षिक कैलेंडर को जिला वार्षिक कार्ययोजना में शामिल करते हुए ग्राम पंचायत एवं जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर हर घर प्रमाणीकरण किए जाने एवं योजना को संबंधित पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उत्कर्ष पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बाकलीवाल सम्मानित पूर्व मुख्यमंत्री भी पहुंचे



**दुर्ग।** दुर्ग निगम के पूर्व महापौर और वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल को पद्मनाभपुर स्थित उनके निवास में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। भूपेश बघेल ने कहा कि धीरज बाकलीवाल कुशल नेतृत्व के धनी है। एक कुशल नेतृत्वकर्ता के कार्यों का लाभ पार्टी संगठन को मिलता ही है, साथ ही जनता को भी इसका लाभ मिलता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। गीत-संगीत की धुन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थक थिरकते नजर आए। बाकलीवाल ने समाजसेवी गतिविधियों में भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में भिलाई महापौर नीरज पाल, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रतिमा चंद्राकर, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अय्युब खान, संजय कोहले, राजेश यादव, सीजू एंथोनी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी में बैंक खाता परिवर्तन की ऑफलाइन प्रक्रिया का डिजिटलीकरण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन स्थित वित्त एवं लेखा सभागार में वेतन भुगतान प्रणाली (सीपीआरएस) तथा बीएसपी-सैप में बैंक खाता परिवर्तन प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और बनाने के लिए मेकर - चेकर प्रोविजन फॉर बैंक एकाउंट चेंज' प्रणाली को शुरु किया गया। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम व पवन कुमार ने किया। सीजीएमप्रमोद कुमार चोखानी सहित महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। नई प्रणाली के माध्यम से बैंक खाता परिवर्तन संबंधी अनुरोधों के सत्यापन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है, जिससे डेटा की शुद्धता सुनिश्चित होने के साथ प्रणाली की विश्वसनीयता एवं सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। इसके संचालन से संबंधित जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दी गई।

### निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दी विदाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए नियमित अधिकारी एवं कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में निगम मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त डी के कोसरिया एवं उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम के सम्मानित कर्मचारी वामन राव, शशिकांत साहू, ईमान सिंह कन्नौजे, मंत राम यादव सहित गणेश राम वर्मा अपना शासकीय सेवा अवधि पूर्ण कर सेवा निवृत हुए । सभी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यनिष्ठा, समर्पण और निगम के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल जीवन की कामना की। आयुक्त ने कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति में उसके कर्मचारियों की मेहनत और अनुभव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# स्मृति नगर वार्ड में मिला अवैध प्लाटिंग, आयुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत साफ-सफाई, अवैध प्लाटिंग, नाला सफाई सहित अन्य कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने निर्देशित किये हैं। वार्ड में ही कुछ अवैध प्लाटिंग कर नागरिकों को बेच दिया गया है। खरीदीकर्ताओं द्वारा निर्माण भी किया जा रहा है, उन अवैध प्लाटिंगकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

## आयुक्त ने स्थानीय पार्षद के साथ स्मृति नगर वार्ड का किया निरीक्षण



### सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

निगम आयुक्त पांडेय, पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल के उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 2 स्मृति नगर के वार्डो का जायजा लिया। वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किये और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने कहा गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिले। बरसात में अधिक वर्षा होने से निचली जगहो पर जलभराव हो जाता है, जिससे नागरिको को परेशानी होती है, ऐसे डूबान क्षेत्र के समस्या को सुधार कराने निर्देशित किये हैं। समीपस्थ बरसात से पूर्व बड़े नाला की सफाई कराने कहा गया है, जिससे बरसात का पानी न रूके। स्मृति नगर में कुछ माह पूर्व नाली निर्माण किया गया है, जो अव्यवस्थित हो गया है संबंधित के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने कहा गया है।

### आनंद नगर में बनेगी नई नाली

आनंद नगर में नया नाली निर्माण कराने के आदेश दिया गया है, जिससे नागरिको को सुविधा मिले। आयुक्त ने सड़कों का जायजा लिया। कुछ स्थल में सड़क संधारण की आवश्यकता है, संधारण कराने निर्देशित किया गया है। स्मृति नगर में स्थानीय नागरिको द्वारा अपने घरो के सामने नाली के उपर ढलाई कर वाहन पार्किंग के लिए संरचना बनाया गया है, जिससे नालियों की सफाई में रूकावट हो रही है। उन सभी नालियों के उपर से ढलाई हटाकर सफाई कराने कहा गया है। आयुक्त ने पुष्पक नगर स्थित मार्केट का अवलोकन किये और नाली, सड़क की सफाई कराने कहा गया है साथ ही पेवर ब्लाक को व्यवस्थित करने निर्देशित किये हैं। स्मृति नगर तालाब के सामने बड़ा नाला है, जिसकी साफ-सफाई कराने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त दिनेश कोसरिया, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## बीएमएस ने दिया धरना तो इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल के निजीकरण और वेतन समझौता को लेकर कर्मियों में बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*बीएसपी के सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण, लंबित वेतन समझौता और ठेका मजदूरों की 40 फीसदी कटौती को लेकर प्रबंधन और सरकार के खिलाफ कर्मचारियों और मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है। इन ज्वलंत मुद्दों को लेकर आज सोमवार को तीन अलग अगल यूनियनों ने पुरजोर विरोध किया। भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ व भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने जहां सेक्टर 1 चौक पर धरना प्रदर्शन किया वहीं स्टील इंमप्लाइज यूनियन इंटक की यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में कर्मियों व मजदूरों ने बताया कि निजीकरण व लंबित वेतन समझौता को लेकर प्रबंधन के रवैये से आक्रोश बढ़ रहा है। इंटक ने जल्द राहत नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी वहीं बीएमएस ने भी मांगों के पूरा नहीं होने पर विरोध की बात कही।*

इंटक की कार्यकारिणी की सेक्टर 4 यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सेल प्रबंधन के निर्देश पर सेक्टर 9 अस्पताल को निजीकरण या आउटसोर्सिंग करने के निर्णय को लेकर संयंत्र के कर्मचारी एवं पूर्व कर्मचारी और अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों में काफी आक्रोश है और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। अस्पताल के कर्मचारियों ने यूनियन ऑफिस में आकर बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण के लिए प्राइवेट एजेंसियों

- जल्द बुलाएं एनजेसीएस की बैठक लंबित एरियर्स का हो भुगतान

द्वारा सर्वे करवाना और प्राइवेट अस्पताल द्वारा निरीक्षण करे जाने को लेकर सभी बीएसपी कर्मचारियों और सेवानिवृत्तों में काफी आक्रोशित है ।

बैठक में इंटक ने चेताया कि निजीकरण के खिलाफ हर स्तर पर आंदोलन करने के लिए इंटक बाध्य है। प्रबंधन सेक्टर 9 अस्पताल के विषय पर यूनियन के साथ बैठक कर स्थिति को स्पष्ट करें। यूनियन नेताओं ने मांग की कि जनवरी 2017 से लंबित वेतन समझौता को पूर्ण करे और कर्मचारियों के 39 महीने का एरियर्स भुगतान हो। एक जनवरी 2027 से नया वेतन समझौता प्रारंभ होने वाला है प्रबंधन जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाकर पुराने वेतन समझौते को पूर्ण करे। साथ ही कर्मचारियों के बच्चों को टाउनशिप में स्थित प्राइवेट स्कूल में बीएसपी में लगने वाली फीस के बराबर फीस ली जाए एवं हायर एजुकेशन एलाउंस जल्द से जल्द चालू की जाए। इंसेंटिव स्कीम को रिवाइज किया जाए एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम को पुनः चालू की जाए।



### जल्द मिलें अलाउंस व 650 वर्गफुट मकान

बैठक में इंटक ने प्रबंधन से मोबाइल अलाउंस व निशुल्क सिम प्रदान किया जाए, कर्मियों को अधिकारियों की तरह ड्रेस अलाउंस दिया जाने की मांग की गई। आवास आवंटन में सब्जेक्ट टू वेकेशन को जल्द चालू कर रिटेंशन स्कीम का किराया पूर्व की भांति किया जाए एवं 650 वर्ग फीट तक के सभी आवास को रिटेंशन के तहत देने व मोटर व्हीकल एवं आवास लोन पूर्व की भांति जल्द चालू की जाए। महासचिव संजय कुमार साहू ने ऐलान किया कि सभी मुद्दों पर सेक्टर 9 हॉस्पिटल के संदर्भ में जल्द ही डायरेक्टर सेक्टर 9 अस्पताल से चर्चा की जाएगी एवं विरोध दर्ज किया जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा सहित जीआर सुमन, सुरेश, श्याम कुवर, दीनानाथ सिंहसार्वा, रमन मूर्ति, ताम्रध्वज सिंन्हा, सीपी वर्मा, गुरुदेव साहू, विजय विश्वकर्मा, डीपी खरे आदि उपस्थित थे।

### ठेका श्रमिकों की 40 प्रतिशत कटौती पर लगे रोक



भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ और भिलाई इस्पात मजदूर संघ द्वारा प्रातः 8 बजे भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों और श्रमिकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया गया। संविदा श्रमिकों की 40% कटौती पर रोक लगाने, लंबित वेतन समझौते का शीघ्र क्रियान्वयन, एरियर्स भुगतान, आवास, चिकित्सा, इंसेंटिव, ठेका श्रमिकों के हितों की रक्षा तथा कर्मचारियों एवं श्रमिकों की लंबित मांगों को जल्द पूर्ण किए जाने की मांग की गई। बीएमएस नेताओं ने कहा कि 5 साल बाद भी सेल कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौता को पूर्ण नहीं किए जाने से कर्मियों को हो रहे नुकसान से असंतोष बढ़ रहा है। अब तक 39 महीने के एरियर्स का न को भुगतान ही किया गया है और न ही एनजेसीएस की कमेटी की बैठक प्रबंधन ने बुलवाई है। कर्मचारियों की आवास और चिकित्सा आदि सुविधाएं सिमटती जा रही हैं। इससे कर्मियों का मनोबल गिर रहा है। कर्मियों की तरह बीएसपी में हजारों ठेका मजदूरों का शोषण भी चरम पर है। यूनियन नेताओं ने मांग की कि मजदूरों की 40 प्रतिशत कटौती से हजारों परिवार के जीविकोपार्जन की समस्या विकट हो जाएगी। सरकार व प्रबंधन के कटौती के फरमान को वापस लेने के साथ मजदूरों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वेतन व सुरक्षा सहित सभी मांगें जल्द पूर्ण हों।

### सम्मानजनक कार्यपरिस्थिति हो

प्रबंधन से मांग की गई कि श्रमिक हितों से जुड़े किसी भी निर्णय के पूर्व यूनियनों से संवाद किया जाए।रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य परिस्थियों को सुनिश्चित किया जाए। प्रदर्शन में बीएमएस के रविशंकर सिंह, सुदीप सेन गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अरविंद सिंह, संजय प्रताप सिंह, हरिशंकर, सुरेंद्र चौहान, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, अनिल गजभिए, दीनानाथ, श्री चंद्रकांत पटेल, कैलाश सिंह, श्री अशोक कुमार, प्रकाश अग्रवाल, पूरनलाल, आरके सोनी, राजेंद्र ठाकुर, राजेश पांडे, अशोक कुमार यादव, दीपक मिश्रा, रमेश पांडे आदि उपस्थित थे।

## अवैध तरीके से स्टेशन में व्यापार करने वाले 3 वेंडरों के खिलाफ एक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन परिसर एवं इसके परिक्षेत्र में अवैध वेंडिंग एवं बाहरी वेंडरों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं स्टाफ को ड्यूटी माउंटिंग एवं डिस्काउंटिंग के दौरान नियमित रूप से निर्देशित किया जाता है कि स्टेशन परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध वेंडिंग अथवा बाहरी वेंडरों की गतिविधि न होने दी जाए। इसके लिए निरंतर चेकिंग, निगरानी एवं विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। रेलवे सुरक्षा बल राजनांदगांव द्वारा स्टेशन परिसर में विधि-सम्मत व्यवस्था बनाए रखने एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सतत एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

### लगातार हो रही कार्रवाई

मिली जानकारी के अनुसार एक जून को रेलवे एक्ट धारा 144 के तहत 03 प्रकरण तैयार किया गया। इसके पूर्व माह जनवरी 2026 से वर्तमान समय तक अवैध वेंडिंग के विरुद्ध कार्रवाई करते रेलवे एक्ट की धारा 144 के अंतर्गत कुल 123 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। वहीं वर्ष 2025 में इस संबंध में कुल 323 प्रकरण दर्ज कर विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई थी।

# पूर्व सीएम भूपेश ने हिमाचल के मुख्यमंत्री से की चर्चा, परिजनों को सहायता देने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में हुए भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। चुराह उपमंडल के कालावन क्षेत्र के पास पर्यटकों से भरी एक टैक्सी लगभग 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में मूल रूप से भिलाई के रहने वाले एक ही परिवार के चार सदस्य भी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने तत्काल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से संपर्क किया। इसके बाद भूपेश बघेल ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा कर राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने तथा मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उनके हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान को प्राथमिकता देते हुए शवों को जल्द बाहर निकालने की कार्रवाई की।

### हादसे में भिलाई के चार लोगों की एचपी में मौत



जानकारी के अनुसार, हादसे में अरविंद चंद्राकर, उनकी पत्नी प्राची उर्फ पिंकी चंद्राकर, पुत्र अक्षद चंद्राकर (11 वर्ष) और दर्श चंद्राकर (8 वर्ष) की मौत हो गई। अरविंद चंद्राकर लंबे समय से बेंगलुरु में रहकर बैंकिंग सेक्टर में कार्यरत थे। नौकरी के सिलसिले में पूरा परिवार बेंगलुरु शिफ्ट हो गया था। छुट्टियां बिताने के लिए परिवार हिमाचल प्रदेश घूमने गया था, लेकिन यह यात्रा उनके लिए आखिरी साबित हुई। पुलिस के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात हुई थी, लेकिन दुर्गम क्षेत्र होने के कारण इसकी जानकारी प्रशासन को शनिवार को मिल सकी। सभी शवों को खाई से निकालकर डलहौजी स्थित जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया। अरविंद चंद्राकर के पिता एसएल चंद्राकर भिलाई के मरोदा सेक्टर स्थित सी-पॉकेट में रहते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही अरविंद के छोटे भाई रविंद्र चंद्राकर हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हो गए, जहां वे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शवों को लेकर लौटेंगे।

## बीएसपी एक्स-एम्प्लोयी हेल्थ एंड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-एम्प्लोयी हेल्थ एंड वेलफेयर एसोसिएशन, भिलाई की वार्षिक आम सभा प्रगति भवन में हुई। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल सहित संस्था के अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव व सदस्य उपस्थित थे। अध्यक्ष ने बताया कि संस्था मेडिक्लेम प्रयास सहित चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद एवं बीमार सदस्यों को सहायता प्रदान कर रही है।

सभा में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा रोगों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर जागरुक किया। संरक्षक सेफी अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। संरक्षक सदस्य अनिल कुमार चौहान बताया किएसोसिएशन द्वारा मेडिक्लेम पॉलिसी में हितकारी संशोधनों के लिए सेल कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रतिवेदन दिया गया है। डॉ. संजय अनुपम सिंग व अनिल कुमार चौहान ने पूर्व जीएम हायर पेंशन के लिए किए जाने वाले संघर्ष के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। ओए कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, संस्था के महासचिव रामजस पाल, मोहम्मद जहूर अहमद ने जाएगा। कार्यक्रम का संचालन भानूजी राव और आभार प्रदर्शन सुरेश चंद्र ने किया।



- सेवानिवृत कर्मियों की कल्याणकारी स्कीमों पर चर्चा

## पेज 9 के शेष

### मौसम ने बदला मिजाज ...

**उमस बढ़ने से बढ़ी बेचैनी:** हालांकि तापमान में गिरावट के बावजूद वातावरण में नमी बढ़ने से उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। दिन के समय हवा थमते ही चिपचिपी गर्मी का एहसास होने लगता है। विशेष रूप से बाजारों, दफ्तरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों को असहजता का सामना करना पड़ रहा है।

**अंधड़ के साथ बिजली कटौती बनी बड़ी समस्या:** मौसम में बदलाव के साथ तेज हवाओं और अंधड़ की घटनाएं भी बढ़ी हैं। सुरक्षा कारणों से बिजली विभाग द्वारा कई स्थानों पर एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इसके चलते पंखे, कूलर और एसी बंद हो जाने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहरी क्षेत्रों में जहां लोग गर्मी से राहत के लिए विद्युत उपकरणों पर निर्भर हैं, वहीं बार-बार बिजली कटौती उनकी मुश्किलें बढ़ा रही है।

**सक्रिय मौसमी प्रणालियों का दिख रहा प्रभाव:** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे क्षेत्रों में समुद्र तल से लगभग 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके अलावा दक्षिण गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के आसपास के क्षेत्रों में भी समुद्र तल से 1.5 से 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इन दोनों मौसमी प्रणालियों के प्रभाव से प्रदेश सहित बेमेतरा जिले में बादल, तेज हवाएं और हल्की वर्षा जैसी गतिविधियां देखने को मिल रही हैं।

### भीम रेजिमेंट का आंदोलन...

भीम रेजिमेंट के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन संवैधानिक अधिकारों और प्रशासनिक जवाबदेही की मांग को लेकर किया जाएगा। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) तथा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा को भी प्रेषित की गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर आरोपों वाले मामले में क्या कदम उठाता है।

## सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं सौंदर्य बनाए रखने की अपील की

# गार्डन परिसर में संचालित अवैध भैंस खटाल पर निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत एक गार्डन परिसर में अवैध रूप से भैंस खटाल संचालित किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर निगम प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।

- सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता एवं सौंदर्य प्रभावित हो रहा था

जांच के दौरान पाया गया कि खटाल संचालक द्वारा गार्डन परिसर का उपयोग पालतू पशुओं को रखने एवं खटाल संचालन के लिए किया जा रहा था, जिससे सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता एवं सौंदर्य प्रभावित हो रहा था। निगम अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर संबंधित खटाल संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया तथा गार्डन परिसर से सभी पालतू पशुओं को तत्काल हटवाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक उद्यानों एवं शासकीय परिसरों का उपयोग निजी व्यवसाय अथवा पशुपालन गतिविधियों के लिए करना नियमों के विरुद्ध है और भविष्य में ऐसी गतिविधियां पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं सौंदर्य बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण या नियम विरुद्ध गतिविधि की जानकारी निगम प्रशासन को दें। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, अतिक्रमण प्रभारी हरिओम गुप्ता एवं उनकी टीम उपस्थित रही।



### ईएमडी विभाग में मॉक ड्रिल सुरक्षा तैयारियों को परखा गया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग (ईएमडी) द्वारा एलडी गैस रिसाव कीआपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें संभावित गैस रिसाव जैसी परिस्थितियों में विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों की आपातकालीन तैयारियों, प्रतिक्रिया क्षमता तथा समन्वय तंत्र का आकलन किया गया। संयंत्र में एकाएक गैस रिसाव होने से तीन व्यक्ति गैस से प्रभावित हुए, जिनमें से एक को विभागीय कर्मियों द्वारा तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, जबकि अन्य दो प्रभावित व्यक्तियों को एमएमपी भेजा गया। अभ्यास में गैस सुरक्षा विभाग, सीआईएसएफ, अग्निशमन सेवाएँ, व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाएँ, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की भागीदारी रही।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बिट्टू निर्मल ने मुकेश को पंच चुनाव में दी शिकस्त

**पाटन।** ग्राम पंचायत भंसूली(के)में वार्ड क्रमांक 17 पंच उपचुनाव में वेदप्रकाश निर्मल उर्फ बिट्टू ने अपने प्रतिद्वंदी सरपंच पति मुकेश साहू को 14 मतों से पराजित कर ग्राम में नए अध्याय की शुरुआत की है। बिट्टू निर्मल ने जीत का श्रेय अपने पिता तुलेश्वर निर्मल एवं कांग्रेस पार्टी को समर्पित किया है। इस दौरान प्रभारी जनार्दन सेन,अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिप दुर्ग, दिनेश साहू महामंत्री डॉ हेमंत साहू, डॉ. केके साहू, महेश साहू, किशोर साहू, उमाशंकर निर्मल, सुंदर साहू, भुनेश्वर निर्मल, प्रीतम साहू, भगवती साहू आदि उपस्थित थे।

### शेयर मार्केट के नाम पर ठगी, एक हिरासत में

**भिलाई।** शेयर मार्केट के नाम पर झासा देकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित सेक्टर 6 निवासी पीपी राव नामक व्यक्ति ने शेयर मार्केट के नाम पर पुरानी बस्ती सुपेला निवासी टोमन नामक युवक को 10 लाख रूपए दिया था। शुरुआती दो- तीन माह में उसे लाभांश भी दिया गया। लेकिन समय बीतने के बाद टोमन लाभ देना बंद कर दिया। परेशान पीड़ित रकम वापसी को लेकर लगातार टोमन के चक्कर मारता रहा। रकम नहीं मिलने पर घटना की शिकायत सुपेला पुलिस से की। पुलिस ने टोमन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। टोमन को भिलाई-दुर्ग के करीब 250 से अधिक लोगों ने शेयर मार्केट में रकम लगाने दिया था। जिसका लाभ टोमन को मिलता था। रकम फंसाने वालों में अधिकांश शिक्षा विभाग के कर्मी है। मामले में पुलिस टोमन से पूछताछ कर रही है जिसका खुलासा मंगलवार को पुलिस कर सकती है।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन में पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नागिरक सुरक्षा फाउंडेशन की बैठक राज्य अध्यक्ष आरती सिंह की उपस्तिथि मे भिलाई निवास काफ़ी हॉउस में हुई। राज्य अध्यक्ष ने आईडी पहनाकर नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए जिम्मेदारी सौंपी। फाउंडेशन में अध्यक्ष योगेश कुमार सोनी, महिला अध्यक्ष ललिता सिंह, महासचिव जमील अहमद, महिला महासचिव सीमा तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नूतन देशमुख, रेखा वर्मा, एम लोकेश, झब्बू राम साहू, संध्या सिंह, गजेंद्र चंद्राकर, एनके उपाध्याय, महेश सोनी, विनीता पंचाल, अनीमा सिंह नियुक्त किए गए। रविवार को फील परमाथर्म फाउंडेशन सेक्टर-3 और आस्था वृद्धा आश्रम सेक्टर-2 में भोजन व फल वितरण किया गया। वहीं जिले में हेलमेट और सीटल बेल्ट को अनिवार्य किए जाने से एसएसपी विजय अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट की गई।

### मिथलेश बने अभा यादव महासभा के प्रदेश महामंत्री

**कुम्हारी।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बलवीर सिंह यादव, राष्ट्रीय महासचिव मनोज यादव की अनुशंसा पर एवं राष्ट्रीय सचिव डी आर यादव राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव ने निम्न पदों पर नियुक्तियां प्रदान की है। पूर्व प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मिथलेश यादव को प्रदेश महामंत्री, संजय यादव को प्रदेश सचिव,जय हनुमान यादव को जिला उपाध्यक्ष रायपुर, निरंजन यादव को कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रायपुर नियुक्त किया है। एक सादे समारोह में राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सिंह यादव ने सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा उपस्थित सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य कमल यादव ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उन्हें रायपुर एवं दुर्ग संभाग में संगठन को मजबूत करने हेतु निर्देशित किया।

## आयोजन : आरंभ के साथ समाजोत्थान, शिक्षा, गौसेवा और युवा सशक्तीकरण का लिया संकल्प

# माहेश्वरी युवा संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माहेश्वरी युवा संगठन की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला मुख्यालय में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को 'आरंभ' नाम देते हुए संगठन के पदाधिकारियों और समाजजनों ने आने वाले वर्षों में समाजोत्थान, सेवा, शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं युवा नेतृत्व को नई दिशा देने का सामूहिक संकल्प लिया। समारोह में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष नीरज चांडक, प्रदेश महासचिव करण बूब, संगठन मंत्री धीरज भट्टड़ सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी ने भगवान महेश को साक्षी मानकर पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रदेशभर से सैकड़ों युवा प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती ज्योति राठी थीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ माहेश्वरी सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मूंदड़ा तथा प्रदेश महिला अध्यक्ष रूपा मूंदड़ा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नरेश चांडक ने की।

**भगवान महेश की पूजा-अर्चना से हुआ शुभारंभः** समारोह का शुभारंभ भगवान महेश की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर महेश नवमी पर्व के महत्व एवं इसके ऐतिहासिक और धार्मिक प्रसंगों को नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत एवं सामाजिक सहभागिता के संकल्प को भी एक लघु संदेश नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया।




### महेश नवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां तय

बैठक में आगामी महेश नवमी पर्व को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एनू टावरी को संयोजक तथा मीनल गिलड़ा को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। संगठन ने दो नए महत्वपूर्ण पदों का भी गठन किया। लोकेश राठी (सुकमा) को प्रांतीय गौ सेवा संरक्षक तथा राहुल भूतड़ा (करहीभदर) को प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

### समाज के विकास और युवाओं की भूमिका पर हुआ मंथन

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने समाज में चल रहे सेवा कार्यों, युवाओं की बढ़ती भूमिका तथा भविष्य की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि संगठित युवा शक्ति समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है और सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में युवाओं की भागीदारी समय की आवश्यकता है।

### नई टीम की पहली बैठक में बना भविष्य का रोडमैप

शपथ ग्रहण समारोह के बाद नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी वर्षों के लिए संगठन की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक आयोजनों, धार्मिक यात्राओं, गौसेवा अभियानों तथा शिक्षा क्षेत्र में विशेष पहल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि समाज के बच्चों एवं युवाओं की रुचियों, प्रतिभाओं और करियर विकल्पों को समझने के लिए समय-समय पर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे उन्हें अपने भविष्य के लिए उचित दिशा मिल सके।

### प्रदेशभर से पहुंचे समाज के वरिष्ठजन एवं युवा

कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित जन उपस्थित रहे। इनमें पुरुषोत्तम टावरी (संस्थापक अध्यक्ष, माहेश्वरी युवा संगठन), रामरतन मूंदड़ा (पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश माहेश्वरी सभा), प्रदीप गांधी (पूर्व सांसद), देवरतन तापड़िया, पवन डागा, सुनील माहेश्वरी, रमेश भट्टड़, रमेश केला, विजय केला, अजय राठी (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट), राजेश मंत्री (पूर्व राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री) तथा सतीश चंडाक (राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य) दिलीप माहेश्वरी बंटी चाचा सहित प्रदेशभर से आए सैकड़ों युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज की एकता, सेवा और संस्कारों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ नवगठित कार्यकारिणी का अभिनंदन किया गया। आयोजन की जानकारी प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता राहुल भूतड़ा ने प्रदान की।

## प्रदेश अध्यक्ष से मिलीं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी कमल सखी में ग्रामीण बहनों को जोड़ें: किरण सिंह देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रज्ञा निर्वाणी ने बेमेतरा जिले में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा संचालित संगठनात्मक गतिविधियों, महिला सशक्तिकरण अभियानों तथा पार्टी के जनसंपर्क कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदेश अध्यक्ष को दी,उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने महिला मोर्चा को और अधिक सशक्त बनाने पर बल देते हुए जिले के ग्रामीण अंचलों की महिलाओं एवं बहनों को संगठन से जोड़ने के लिए "कमल सखी" अभियान का व्यापक गठन करने के निर्देश दिए,उन्होंने कहा कि कमल सखी के माध्यम से राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़ी महिलाओं, युवतियों और बहनों को भाजपा से जोड़कर संगठन को गांव-गांव तक विस्तार दिया जा सकता है।

प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रदेश अध्यक्ष का वृंदावन से लाए गए राधे-राधे अंकित पवित्र गमछे से सम्मान एवं अभिनंदन किया,इस आत्मीय सम्मान से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष ने बेमेतरा जिले में महिला मोर्चा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रदेश अध्यक्ष को बेमेतरा प्रवास के दौरान अपने निवास पर आगमन का निमंत्रण भी दिया, जिसे किरण सिंह देव ने सहर्ष स्वीकार किया।

## शिक्षक चेतन सिंह वर्मा राजधानी में शब्द शिखर सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- काव्य लेखन, मूल्य चेतना और साहित्यिक योगदान के लिए राजधानी रायपुर में मिला सम्मान, 151 रचनाकारों ने किया काव्य पाठ




समीपस्थ ग्राम बहेरा (का) निवासी शिक्षक एवं साहित्यकार चेतन सिंह वर्मा को उनकी उत्कृष्ट काव्य रचनाओं और साहित्यिक योगदान के लिए छत्तीसगढ़ की अग्रणी सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा शब्द शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। राजधानी रायपुर के वृंदावन सभागृह में आयोजित भव्य काव्य महाकुंभ कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान पत्र में उल्लेख किया गया कि साहित्यकार युग चेतना का वाहक होता है तथा साहित्य मानव जीवन की पीड़ाओं, संवेदनाओं और संघर्षों का जीवंत दस्तावेज है। चेतन सिंह वर्मा की रचनाओं में सृजनशीलता, रचनाधर्मिता, मूल्य चेतना, वर्तमान सामाजिक परिदृश्य और नैतिक मूल्यों का प्रभावी चित्रण देखने को मिलता है, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर, बस्तर, धमतरी, महासमुंद, जगदलपुर, राजनांदगांव, कोरबा, दुर्ग, बालोद, रायगढ़, बिलासपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, दल्ली राजहरा एवं बेमेतरा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे 151 रचनाकारों ने काव्य पाठ किया तथा सम्मान प्राप्त किया। आयोजन के मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संयुक्ता गांधी ने की। विशिष्ट अतिथियों में सुशील सन्नी अग्रवाल, राजकुमार धर द्विवेदी, पंडित पी.के. तिवारी, सीमा पांडेय, डॉ. रूपेंद्र कवि एवं डॉ. अजीत मिश्रा शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि चेतन सिंह वर्मा इससे पूर्व भी शब्द शिल्पी सम्मान, मुंबई का कल्पना दीप सम्मान, डॉ. आचार्य हिरेंद्र गौतम हिंदी साहित्य सम्मान, शास्त्री सुरेंद्र दुबे अनुज जौनपुरी हिंदी साहित्य सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजे जा चुके हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा भी उन्हें विभिन्न अवसरों पर सम्मानित किया जा चुका है। उनके सम्मानित होने पर क्षेत्र के साहित्यकारों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## कुम्हारी प्रीमियर लीग सीजन-3 के रोमांचक फाइनल मैच में व्हाइट टाइगर रही विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

रविवार को मिनीमाता स्टेडियम में खेले गए कुम्हारी प्रीमियर लीग सीजन-3 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में व्हाइट टाइगर ने सुनील स्टनर को 6 विकेट से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुनील स्टनर की टीम 11.4 ओवरों में 94 रनों पर सिमट गई, जिसमें स्वयं पांडे ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। जवाब में व्हाइट टाइगर ने धर्मेंद्र यादव की मात्र 16 गेंदों में 7 छक्कों से सजी 49 रनों की आतिशी नाबाद पारी की बदौलत 9 ओवरों में ही 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि यश वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद लेखराम साहू और पूर्व पार्षद मनहरण यादव की गरिमामयी उपस्थिति में पुरस्कार बांटे गए। प्रतियोगिता की विजेता टीम व्हाइट टाइगर को 1 लाख रुपये और उपविजेता सुनील स्टनर को 50 हजार रुपये की नकद राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही तीसरे स्थान पर रही राधे 11 को 25 हजार रुपये तथा चौथे स्थान की टीम आजाद हिंद जंजगीरी को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। दो माह तक चले इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कुम्हारी प्रीमियर लीग के आयोजन समिति की भूमिका सराहनीय रही।

## सेवानिवृत्त होने पर हरिश्चंद्र मारकंडे को दी गई भावभीनी विदाई...



**साजा।** लोक निर्माण विभाग उप संभाग साजा अंतर्गत उपखंड कोदवा में कार्यरत स्थल सहायक हरिश्चंद्र मारकंडे अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में विश्राम गृह साजा में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीओ सागर साहू, सब इंजीनियर दीपक वर्मा, संदीप शर्मा, लालचंद, अनिल कुमार सोनी सहित विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री मारकंडे के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## सर्व सेन नाई समाज के जिला उपाध्यक्ष बने लोमेश सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सर्व सेन नाई समाज के जिला स्तरीय संगठन के विभिन्न पदों के लिए मंगलवार को सेन भवन बेमेतरा में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान बेरला विकासखंड के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता लोमेश कुमार सेन को सर्वसम्मति से जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

लोमेश कुमार सेन लंबे समय से सामाजिक एवं जनसेवा गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। छात्र जीवन से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले लोमेश ने छात्र संगठन से लेकर विभिन्न जनहित गतिविधियों में अपनी सहभागिता निभाई है। अब उन्हें समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर समाजजनों में हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष लोमेश कुमार सेन ने समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख में सहभागी बनकर संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष छल्ली सेन, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि सेन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष डेनिम सेन, कुसमी इकाई अध्यक्ष दीनू सेन, आत्माराम सेन, जनक सेन सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने लोमेश कुमार सेन को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ईमानदारी की मिसाल पेश करने पर साल, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित

# 30 लाख के जेवरात और नगदी से भरा बैग लौटाने वाले पत्रकार आनंद साहू का साहू समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ईमानदारी, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले शहर के पत्रकार आनंद प्रकाश साहू का जिला साहू संघ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। जिला अध्यक्ष नारद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें साल, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि पत्रकार आनंद प्रकाश साहू को गत दिनों प्रातः लगभग साढ़े चार बजे एक लावारिस बैग मिला था। बैग की जांच करने पर उसमें लगभग 30 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण तथा 33 हजार रुपये नगद पाए गए। इतनी बड़ी मात्रा में कीमती सामान मिलने के बावजूद उन्होंने किसी प्रकार का लालच न करते हुए अपनी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी का परिचय दिया और तत्काल बैग को सिटी कोतवाली बेमेतरा पहुंचाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

इस घटना के बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों, नागरिकों तथा पत्रकार जगत के लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इसी क्रम में जिला साहू संघ ने उन्हें सम्मानित कर समाज के सामने एक आदर्श व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि आज के दौर में जब भौतिकता और स्वार्थ की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ऐसे समय में आनंद प्रकाश साहू द्वारा प्रस्तुत ईमानदारी की मिसाल समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि बिना किसी लालच के लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और नगदी से भरा बैग पुलिस को सौंपना उनके उच्च नैतिक चरित्र और सामाजिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे लोग समाज की वास्तविक पूंजी होते हैं और नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि आनंद प्रकाश साहू का यह कार्य केवल व्यक्तिगत ईमानदारी का उदाहरण नहीं है, बल्कि पूरे समाज को यह संदेश देता है कि सत्यनिष्ठा और नैतिकता आज भी जीवित हैं। समाज को ऐसे व्यक्तित्वों पर गर्व है, जो अपने आचरण से दूसरों के लिए आदर्श स्थापित करते हैं। सम्मान समारोह में उपस्थित समाजजनों ने भी आनंद प्रकाश साहू के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें समाज का गौरव बताया।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, जिला सलाहकार नारायण साहू, प्रदेश प्रतिनिधि पंचम साहू, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक घनाराम साहू, जिला मीडिया प्रभारी ताम्रध्वज साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी, समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।